प्रमुख परियोजना : प्रमुख परियोजना 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम है और चतुर्थ वर्ष के पहले व दूसरे सेमेस्टर में दिया जाता है। इसके पहले सेमेस्टर में 2 क्रेडिट और दूसरे सेमेस्टर में 4 क्रेडिट होते। मूल्यांकन का तरीका बी.टेक. परियोजना मूल्यांकन के तहत दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार हो सकता है।

छात्र किसी भी सेमेस्टर में न्यूनतम 16 क्रेडिट्स पंजीकृत कर सकता है। किसी सेमेस्टर में अधिकतम 30 क्रेडिट्स, "अध्ययन" के लिए पंजीकृत बैकलॉग विषयों को मिलाकर, पंजीकृत किए जा सकता हैं। के यह "अध्ययन" के साथ-साथ "परीक्षा" के लिए पंजीकृत बैकलॉग विषयों को मिलाकर यह संख्या 34 है।

एम.टेक. कार्यक्रमों में प्रवेश

एम.टेक. में सभी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश अखिल भारतीय आधार पर भारत सरकार के मानदंडों के अनुरूप आरक्षण का लाभ देते हुए दिए जाते हैं । सभी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन का मापदंड गेट का वैध स्कोर है । अभियांत्रिकी में एम.टेक. में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में बी.ई. / बी.टेक. या समकक्ष डिग्री प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.5/10 के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए होना चाहिए । एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.0/10 है । संस्थान के एम.टेक. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्रता और अन्य मानदंडों की समय-समय पर समीक्षा एवं निर्णय सीनेट द्वारा लिया जाएगा ।

एम.टेक. कार्यक्रम संरचना

एम.टेक. कार्यक्रम 4 सेमेस्टर की अवधि का है जिसमें पहले दो सेमेस्टर्स में कोर्स वर्क एवं अगले दो सेमेस्टर्स के लिए शोध-प्रबंध कार्य होता है । एम.टेक. डिग्री प्रोग्राम के लिए समग्र पाठ्यक्रम पैकेज में सामान्यतः निम्नलिखित घटक होते हैं –

a). मूल पाठ्यक्रम ≥ 24 क्रेडिट्स
b). ऐच्छिक पाठ्यक्रम ≥ 15 क्रेडिट्स
c). शोध-प्रबंध = 26 क्रेडिट्स
d). अनिवार्य = 06 क्रेडिट्स
[सेमिनार – 02; व्यापक मौखिक परीक्षा *(वायवा)* - 04]

विभागीय अध्ययन बोर्ड उपरोक्त घटकों 'a' से 'd' के लिए कार्यक्रम के लिए 76-84 की रेंज में पाठ्यक्रमों के लिए उपलब्ध उपलब्ध सटीक क्रेडिट, पाठ्यक्रम व क्रेडिट के सेमेस्टर-वार वितरण, और विभाग द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले सभी एम.टेक. कार्यक्रमों की पाठ्यचर्या पर विचार-विमर्श कर इन्हें अंतिम रूप देता है और इन्हें सीनेट को, विचार एवं अनुमोदन के लिए, अनुशंसित करता है ।

संस्थान की स्नातकोत्तर डिग्री के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए किसी छात्र को समय-समय पर सीनेट द्वारा अनुमोदित उस कार्यक्रम के लिए अनुदेश योजना में निर्दिष्ट सभी क्रेडिट्स को पूरा करना होता है ।

एम.एससी., एम.एससी. (टेक), एम.सी.ए. एवं एम.बी.ए. कार्यक्रमों में प्रवेश

सभी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश अखिल भारतीय आधार पर भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार आरक्षण का लाभ देते हुए दिए जाते हैं । विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए चयन मापदंड -

i). एम.एससी. व एम.एससी. (टेक) में प्रवेश 50% सीटों के लिए एनआईटीडबल्यू प्रवेश परीक्षा और 50% सीटों के लिए 'जेएएम' (संयुक्त प्रवेश परीक्षा/*जॉइंट एडमिशन टेस्ट*) पर आधारित हैं -

- एम.एससी. व एम.एससी. (टेक) में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित विषय में बी.ए. / बी.एससी. या समकक्ष डिग्री प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.5/10 के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए होना चाहिए । एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.0/10 है ।

ii). एम.सी.ए. में प्रवेश एनआईटी की एमसीए प्रवेश परीक्षा (एनआईएमसीएटी) पर आधारित है -

- एम.सी.ए. में में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से तीन वर्षीय डिग्री या समकक्ष डिग्री न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.5/10 के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए । एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.0/10 है ।
- एम.सी.ए. में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों ने 10+2 और डिग्री कोर्स में गणित अथवा संबंधित विषयों का अध्ययन किया होना चाहिए ।

iii). एम.बी.ए. में प्रवेश सीएटी / एमएटी स्कोर तत्पश्चात ग्रुप डिस्कशन और पर्सनल इंटरव्यू पर आधारित है -

- एम.बी.ए. में प्रवेश लेने वाले उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से अभियांत्रिकी की किसी भी शाखा में बी.टेक. न्यूनतम 60% कुल अंकों (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.5/10 के साथ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना चाहिए। एससी/एसटी उम्मीदवारों के मामले में आवश्यक पात्रता 55% कुल अंक (सभी वर्षों के) या समकक्ष सीजीपीए 6.0/10 है।

डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी में प्रवेश : पीएच.डी.

संस्थान डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी (पीएच.डी.) की डिग्री के लिए अनुसंधान की सुविधाएं प्रदान करता है।
छात्र श्रेणियां : पीएच.डी. डिग्री प्रोग्राम में सात प्रकार की छात्र श्रेणियां हैं, पांच पूर्णकालिक और दो अंशकालिक।

पूर्णकालिक :

a) संस्थान फैलोशिप पर पूर्णकालिक छात्र
b) पूर्णकालिक शासकीय/अर्ध-शासकीय फैलोशिप प्राप्तकर्ता / क्यूआईपी / एफ़आईपी (यूजीसी) / सीएसआईआर / डीओई / डीएसटी / डीबीटी / एनबीएचएम आदि।
c) एनआईटीडबल्यू में किए जा रही आर&डी परियोजनाओं में नियुक्त पूर्णकालिक परियोजना अध्येता/जेआरएफ़/ एसआरएफ़
d) उद्योग/ आर&डी संगठनों द्वारा प्रायोजित पूर्णकालिक छात्र
e) भारतीय सांस्कृतिक सम्बंध परिषद (आईसीसीआर) फैलोशिप प्राप्तकर्ता (विदेशी छात्र)

अंशकालिक :

f) एनआईटी, वारंगल की स्थायी फ़ैकल्टी एवं अन्य स्थायी कर्मचारी
g) एनआईटी वारंगल के साथ एमओयू वाले राष्ट्रीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / आर&डी संगठन (सीनेट द्वारा अनुमोदित) जिनके पास आवश्यक अनुसंधान सुविधाएं हैं के बाह्य शोध-छात्र *(स्कॉलर)* ।

टिप्पणी :

1. श्रेणी (a) के एक छात्र को तीन वर्ष की अवधि के लिए संस्थान फैलोशिप मिलेगी जिसे डॉक्टरेट जांच समिति की अनुशंसाओं के आधार पर एक वर्ष तक और बढ़ाया जा सकता है।
2. श्रेणी (d) के छात्र को प्रायोजक संगठन द्वारा प्रायोजित एवं वित्त पोषित किया जाएगा।
3. श्रेणी (f) के अंशकालिक छात्र को एनआईटीडबल्यू के निदेशक से प्रायोजन-व-अनुमति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. श्रेणी (g) के अंशकालिक छात्र को वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र, संभावित पर्यवेक्षक का स्वीकृति पत्र और संगठन से बायोडाटा प्रस्तुत करना होगा।
5. किसी एक श्रेणी से दूसरी श्रेणी में अथवा पूर्णकालिक से अंशकालिक व इसके विपरीत अवस्था में परिवर्तन, डीएससी व डीएसी-पीजी&आर की अनुशंसाओं के आधार पर सीनेट की स्वीकृति के अधीन ही किया जाएगा।
6. कोई भी छात्र शासकीय अथवा प्रायवेट, एक से अधिक स्रोत से छात्रवृत्ति/फैलोशिप प्राप्त नहीं कर सकता है।

पात्रता :

- पूर्णकालिक पीएच.डी. प्रोग्राम में प्रवेश के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता है - एम.टेक. / एम.ई. / एम फिल. या समकक्ष डिग्री अथवा एम.एससी. / एम.एससी. (टेक) / एम.बी.ए. / एम.ए. या समकक्ष डिग्री। पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश उन उम्मीदवारों के लिए ही खुला रहेगा जिन्होंने निर्धारित योग्यता परीक्षा प्रथम श्रेणी में संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (सीजीपीए) न्यूनतम 6.5/10 (एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 6.0/10) अथवा न्यूनतम 60% कुल अंकों (एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 55%) के साथ उत्तीर्ण की है।
- एआईसीटीई / यूजीसी मानदंडों के अनुसार, श्रेणी (a) के छात्रों को गेट / यूजीसी / सीएसआईआर परीक्षा / डीएई-जेईएसटी उत्तीर्ण होना चाहिए। एम.एससी. / एम.एससी. (टेक) / एम.बी.ए. /एम.ए. योग्यता वाले छात्रों के मामले में गेट / यूजीसी - सीएसआईआर नेट योग्यता जरूरी है।

- श्रेणी (d), (e), (f) व (g) के छात्रों के मामले में गेट / यूजीसी - सीएसआईआर नेट योग्यता में छूट दी जाती है। यद्यपि इनका चयन संस्थान प्रवेश परीक्षा और/अथवा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा, जो विभाग के विवेक पर निर्भर है।
- किसी स्थायी संकाय / स्टॉफ सदस्य के लिए, जो उस विभाग में पीएच.डी. के लिए पंजीकरण कराना चाहता है जहां वह काम कर रहा है, लिखित परीक्षा में छूट दी गई है। यदि स्थायी फ़ैकल्टी / स्टॉफ सदस्य अपनी पीएच.डी. हेतु किसी अन्य विभाग में कार्य करना चाहता है तो लिखित परीक्षा व/या साक्षात्कार आवश्यक है।
- श्रेणी (g) के तहत प्रवेश इनके लिए खुला है:
  a). सीएसआईआर / डीएसटी / रक्षा प्रयोगशालाओं / शासकीय आर&डी संगठनों में जेआरएफ़ / एसआरएफ़
  b). अनुसंधान प्रयोगशालाओं/पीएसयू जिनका एनआईटी वारंगल से एमओयू है अथवा आवश्यक अनुसंधान सुविधाओं युक्त आर&डी संगठन में कार्यरत वे बी.टेक. वैज्ञानिक / अभियंता जिनके पास न्यूनतम तीन वर्षो का अनुभव एवं परिमेय शोध परिणाम है।
  c). अनुसंधान प्रयोगशालाओं/ पीएसयू जिनका एनआईटी वारंगल से एमओयू है अथवा आवश्यक अनुसंधान सुविधाओं युक्त आर&डी संगठन में कार्यरत वे बी.टेक. वैज्ञानिक / अभियंता जिनके पास न्यूनतम 6 वर्षों का अनुभव एवं परिमेय शोध परिणाम है। इस श्रेणी के तहत अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के आधार पर होता है।

आवासीय आवश्यकता

- पीएच.डी. प्रोग्राम में भर्ती सभी उम्मीदवारों को सभी नियत काम पूरा करने व थीसिस जमा करने तक संस्थान परिसर में रहना होगा, यदि उन्हें बाहर रहने के लिए अध्यक्ष, सीनेट से स्पष्ट अनुमति नहीं मिली हो।
- आर&डी सुविधाओं युक्त संगठनों के अंशकालिक बाह्य उम्मीदवारों के मामले में, आवासीय आवश्यकता को कम से एक सेमेस्टर तक घटाया जा सकता है यदि वह स्व-अध्ययन में है, किन्तु कोर्से वर्क के लिए पंजीकृत होने पर इसे कम से दो सेमेस्टर्स तक घटाया जा सकता है जिसमें एक सेमेस्टर सतत अवधि में हो सकता है।
- आर&डी संगठनों में न्यूनतम 10 वर्षों का अनुसंधान अनुभव रखने वाले अंशकालिक बाह्य उम्मीदवारों के मामले में, डीएससी की विशेष अनुमति और सीनेट की स्वीकृति से आवासीय आवश्यकता को पूरी तरह से खत्म किया जा सकता है। फिर भी, ऐसे उम्मीदवारों के लिए NIT वारंगल में किसी भी नियमित पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित सभी आवश्यकताओं जैसे असाइनमेंट, परीक्षाओं आदि का पालन करते हुए, स्व-अध्ययन रीति पर क्रेडिट की निर्धारित संख्या के लिए पाठ्यक्रम कार्य पूरा करना भी अनिवार्य है। हालांकि, यह अनिवार्य है कि उसे डीएससी, जो उसकी प्रगति को रिव्यू करती है, के समक्ष प्रति सेमेस्टर न्यूनतम एक सेमिनार देना होगा।

10. विद्यार्थी

a) 2020-21 के दौरान बी.टेक. प्रथम वर्ष में प्रविष्ट कराए गए विद्यार्थियों की संख्या

क्रम संख्या	शाखा	लड़कें		लड़कियां		योग	
		भारतीय	विदेशी	भारतीय	विदेशी	भारतीय	विदेशी
1.	सिविल अभियांत्रिकी	89	0	27	1	116	1
2.	इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी	110	6	28	1	138	7
3.	यांत्रिक अभियांत्रिकी	112	11	27	0	139	11
4.	इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	106	17	30	9	136	26
5.	धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	61	1	17	0	78	1
6.	रासायनिक अभियांत्रिकी	90	3	24	3	114	6
7.	कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	111	30	26	4	137	34
8.	जैव-प्रौद्योगिकी	58	2	18	3	76	5
	कुल योग	**737**	**70**	**197**	**21**	**934**	**91**

b) 2020-21 के दौरान पीजी पाठ्यक्रमों के
प्रथम वर्ष में प्रविष्ट विद्यार्थियों की संख्या : 897

c) 2020-21 के दौरान पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में
प्रविष्ट विद्यार्थियों की संख्या : 208

d) संस्थान में विद्यार्थियों की संख्या (2020-21)

पूर्व-स्नातक छात्र : 3673

स्नातकोत्तर छात्र : 1723

रोल पर पीएच.डी. छात्रों की संख्या (अंशकालिक व पूर्ण कालिक दोनों) : 873

विद्यार्थियों की कुल संख्या : 6269

11. परीक्षाएं एवं मूल्यांकन

बी.टेक. परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया :

छात्र के प्रदर्शन के आकलन के लिए निम्नलिखित वर्ण ग्रेड और समतुल्य ग्रेड अंक प्रति क्रेडिट का उपयोग कर 7-स्केल ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाएगा :

वर्ण ग्रेड	S	A	B	C	D	E	P	F
ग्रेड अंक	10	9	8	7	6	5	4	0

वर्ण ग्रेड देने के लिए मानदंड इस प्रकार हैं :

- किसी कोर्स में न्यूनतम 35% अंक हासिल किए बिना किसी भी छात्र को P या बेहतर ग्रेड नहीं दिया जा सकता.
- छात्र को P ग्रेड या बेहतर ग्रेड प्रदान करने के लिए यह भी अनिवार्य है कि उसे अंतिम सेमेस्टर परीक्षा में विषय में कम से 35% अंक लाना चाहिए।
- ग्रेडिंग सापेक्ष ग्रेडिंग प्रणाली पर आधारित होगी।
- कक्षा औसत अंक (F ग्रेड वाले छात्रों द्वारा प्राप्त अंकों को छोड़कर) C ग्रेड की मध्य परास *(मिड-रेंज)* में होना चाहिए और अन्य ग्रेड (S, A, B, D, E और P) परास *(-रेंज)* को उपयुक्त रूप से तय किया जाना है, ताकि उत्तीर्ण ग्रेड में छात्रों की संख्या का वितरण एक "सामान्य-समीप बेल कर्व" हो।
- डीएसी (यूजी) विभिन्न ग्रेडों के लिए ग्रेड परासों *(रेंज्स)* को संशोधित करने के लिए अधिकृत है, यदि यह आवश्यक समझा जाता है। तथापि, ऐसे सभी संशोधनों को दर्ज किया जाना है और अनुमोदन के लिए सीनेट के समक्ष रखा जाना है।

इसके अलावा, चार परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेडिंग संकेत होंगे, जिनका उपयोग परीक्षकों द्वारा विषय में एक छात्र की विशेष स्थिति को इंगित करने के लिए किया जा सकता है।

I : "अधूरा मूल्यांकन" के लिए, जब छात्र मेडिकल आधार पर अंतिम सेमेस्टर परीक्षा नहीं देता है (एनआईटी वारंगल के अकादमिक नियमों और विनियमों के नियम 12.4 देखें)।
R : पाठ्यक्रम में "अपर्याप्त उपस्थिति" के लिए (नियम 7.2 देखें)।
W : "संस्थान से अस्थायी निकलने" के लिए (नियम 13 देखें)।
X : अनुशासनहीनता/ परीक्षाओं में कदाचार के आधार पर "वर्जित" के लिए (नियम 14 देखें)।

प्रत्येक सेमेस्टर हेतु सेमेस्टर ग्रेड अंक औसत (एसजीपीए) की गणना की जाएगी, जो इस प्रकार की जाएगी :

$$SGPA = \frac{\sum_1^n C_i \, GP_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां C_i = कोर्से हेतु क्रेडिट;
GP_i = कोर्स के लिए प्राप्त ग्रेड अंक ;
n = सेमेस्टर में पंजीकृत विषयों की संख्या

प्रत्येक छात्र के लिए हर सेमेस्टर के अंत में प्रथम वर्ष II सेमेस्टर से शुरू कर एक संचयी ग्रेड अंक औसत (CGPA) की गणना की जाएगी। सीजीपीए पहले सेमेस्टर से संदर्भित सेमेस्टर के अंत तक के छात्र का संचयी प्रदर्शन बतलाएगा और इसकी प्रकार की इस प्रकार गणना की जाती है -

$$CGPA = \frac{\sum_1^n S_i \, C_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां n = विचाराधीन सेमेस्टर की कुल संख्या;

C_i = किसी विशिष्ट सेमेस्टर में पंजीकृत क्रेडिट की संख्या;

S_i = सेमेस्टर एसजीपीए

सीजीपीए, एसजीपीए और एक सेमेस्टर में सभी विषयों में प्राप्त ग्रेड्स हर सेमेस्टर के अंत में, चतुर्थ वर्ष द्वितीय सेमेस्टर को छोड़कर, हर छात्र को सूचित किए जाएंगे । इसके स्थान पर एक समेकित ग्रेड शीट (190 क्रेडिट के साथ) जारी की जाएगी । यह समेकित ग्रेड शीट पहले की सभी ग्रेड शीट्स को अधिक्रमित करती है ।

सीजीपीए और एसजीपीए दोनों ही दशमलव के दूसरे स्थान पर उसी रूप में राउंड ऑफ कर दिए जाएंगे । जब भी इन ग्रेड अंक औसत का उपयोग छात्रों के एक समूह के आपस में मेरिट रैंकिंग निर्धारित करने के उद्देश्य के लिए किया जाना है, केवल राउंड ऑफ मानों का ही प्रयोग किया जाएगा ।

परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेड्स:

a) ग्रेड I :

जब एक छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में I ग्रेड मिलती है, तो उस सेमेस्टर के एसजीपीए और उस सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की अंतरिम गणना सेमेस्टर के अंत में सेमेस्टर के उस विषय (उन विषयों) को छोड़कर की जाएगी और सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी ।

b) ग्रेड R, W व X के बारे में :

जब किसी छात्र को सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में इनमें से कोई भी ट्रांजिशनल ग्रेड मिलता है, तो उस सेमेस्टर के एसजीपीए और उस सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की अंतरिम गणना इन विषय (यों) के लिए 'शून्य अंक' लेकर की जाएगी । इन ट्रांजिशनल ग्रेड को उपयुक्त ग्रेड में बदलने के बाद सेमेस्टर के लिए एसजीपीए एवं सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी ।

c) ग्रेड F के बारे में :

जब किसी छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय में 'F' ग्रेड मिलता है, तो एसजीपीए और उस सेमेस्टर से आगे सीजीपीए की अंतरिम गणना ऐसे प्रत्येक F ग्रेड के लिए केवल शून्य अंक लेकर की जाएगी । बाद के सेमेस्टर के दौरान 'F' ग्रेड को बेहतर ग्रेड द्वारा बदले जाने के बाद, 'F' ग्रेड अपडेट होने वाले सर्वप्रथम सेमेस्टर से शुरू होने वाले सभी सेमेस्टरों के एसजीपीए और सीजीपीए की पुनर्गणना की जाएगी और इस ग्रेड परिवर्तन का ध्यान रखने के लिए इसको रिकार्ड किया जाएगा ।

एम.टेक., एम.एससी., एम.एससी.(टेक) और एम.सी.ए. परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया :

छात्र के प्रदर्शन के आकलन के लिए निम्नलिखित वर्ण ग्रेड और समतुल्य ग्रेड अंक प्रति क्रेडिट का उपयोग कर 7-स्केल ग्रेडिंग प्रणाली का पालन किया जाएगा :

वर्ण ग्रेड	S	A	B	C	D	E	P	F
ग्रेड अंक	10	9	8	7	6	5	4	0

- कोई भी छात्र किसी कोर्स में कम से कम 40% अंक हासिल किए बिना उत्तीर्ण नहीं हो सकता है ।
- सापेक्ष ग्रेडिंग प्रणाली का का पालन किया जाएगा

A. बंचिंग के मामलों में, डीएसी-पीजी एवं आर बंचिंग करने के कारणों की समीक्षा कर सकते हैं और परासों *(रेंज्स)* को मामूली रूप से संशोधित कर कर सकते हैं । ऐसे सभी मामलों में संशोधित परासों *(रेंज्स)* और कारण को सीनेट के समक्ष मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

B. इसके अलावा, चार परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेडिंग संकेत होंगे, जिनका उपयोग परीक्षकों द्वारा विषय में एक छात्र की विशेष स्थिति को इंगित करने के लिए किया जा सकता है ।

I : "अधूरा मूल्यांकन" के लिए, जब छात्र मेडिकल आधार पर अंतिम सेमेस्टर परीक्षा नहीं देता है (नियम 12.4 देखें) ।
R : पाठ्यक्रम में "अपर्याप्त उपस्थिति" के लिए (नियम 7.2 देखें) ।
W : "संस्थान से अस्थायी निकलने" के लिए (नियम 13 देखें) ।
X : अनुशासनहीनता/ परीक्षाओं में कदाचार के आधार पर "वर्जित" के लिए (नियम 14 देखें) ।

प्रत्येक सेमेस्टर हेतु सेमेस्टर ग्रेड अंक औसत (एसजीपीए) की गणना की जाएगी, एसजीपीए की गणना इस प्रकार की जाएगी :

$$SGPA = \frac{\sum_1^n C_i \, GP_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां C_i = कोर्से हेतु क्रेडिट;
GP_i = कोर्स के लिए प्राप्त ग्रेड अंक ;
n = सेमेस्टर में पंजीकृत विषयों की संख्या

प्रत्येक छात्र के लिए हर सेमेस्टर के अंत में प्रथम वर्ष II सेमेस्टर से शुरू कर एक संचयी ग्रेड अंक औसत (सीजीपीए) की गणना की जाएगी । सीजीपीए पहले सेमेस्टर से संदर्भित सेमेस्टर के अंत तक के छात्र का संचयी प्रदर्शन बतलाएगा और इसकी प्रकार की इस प्रकार गणना की जाती है -

$$CGPA = \frac{\sum_1^n S_i \, C_i}{\sum_1^n C_i}$$

जहां n = विचाराधीन सेमेस्टर की कुल संख्या;
C_i = किसी विशिष्ट सेमेस्टर में पंजीकृत क्रेडिट की संख्या;
S_i = सेमेस्टर एसजीपीए

सीजीपीए, एसजीपीए एवं किसी सेमेस्टर में सभी विषयों में प्राप्त ग्रेड की सूचना प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में हर छात्र को दी जाएगी ।

सीजीपीए और एसजीपीए दोनों ही दशमलव के दूसरे स्थान पर उसी रूप में राउंड ऑफ कर दिए जाएंगे । जब भी इन ग्रेड अंक औसत का उपयोग छात्रों के एक समूह के आपस में मेरिट रैंकिंग निर्धारित करने के उद्देश्य के लिए किया जाना है, केवल राउंड ऑफ मानों का ही प्रयोग किया जाएगा ।

परिवर्ती *(ट्रांजिशनल)* ग्रेड्स:

A. ग्रेड I :

जब एक छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में I ग्रेड मिलती है, तो उस सेमेस्टर के एसजीपीए और उस सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की अंतरिम गणना उस विषय (उन विषयों) को छोड़कर की जाएगी । जब इन ट्रांजिशनल ग्रेड्स को उपयुक्त ग्रेड्स में परिवर्तित कर दिया जाता है, सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी ।

B. ग्रेड F के बारे में :

जब किसी छात्र को एक सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय में 'F' ग्रेड मिलता है, तो एसजीपीए और उस सेमेस्टर से आगे सीजीपीए की अंतरिम गणना ऐसे प्रत्येक 'F' ग्रेड हेतु केवल 'शून्य अंक' लेकर की जाएगी । बाद के सेमेस्टर के दौरान 'F' ग्रेड को बेहतर ग्रेड द्वारा बदले जाने के बाद, 'F' ग्रेड अपडेट होने वाले सर्वप्रथम सेमेस्टर से शुरू होने वाले सभी सेमेस्टरों के एसजीपीए और सीजीपीए की पुनर्गणना की जाएगी और इस ग्रेड परिवर्तन का ध्यान रखने के लिए इसको रिकार्ड किया जाएगा ।

C. ग्रेड R, W व X के बारे में :

जब किसी छात्र को सेमेस्टर के दौरान किसी भी विषय (यों) में इनमें से कोई भी ट्रांजिशनल ग्रेड मिलता है, तो उस सेमेस्टर के एसजीपीए और उस सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की अंतरिम गणना इन विषय (यों) के लिए 'शून्य अंक' लेकर की जाएगी । इन ट्रांजिशनल ग्रेड को उपयुक्त ग्रेड में बदलने के बाद सेमेस्टर के लिए एसजीपीए एवं सेमेस्टर के अंत में सीजीपीए की पुनर्गणना नई ग्रेड्स को ध्यान में रखकर की जाएगी ।

12. आरंभ से जून 2021 तक प्रदान की गई उपाधियां :

A. बी. टेक.

सिविल अभियांत्रिकी	3164
विद्युत अभियांत्रिकी	3248
यांत्रिक अभियांत्रिकी	3918
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	3088
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	1497
रासायनिक अभियांत्रिकी	2160
कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	2709
जैव-प्रौद्योगिकी	725
योग	**20509**

B. एम.टेक. / एम.एससी. / एम.एससी.(टेक) / एम.सी.ए. / एम.बी.ए.

सिविल अभियांत्रिकी	3177
विद्युत अभियांत्रिकी	1330
यांत्रिक अभियांत्रिकी	2158
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	1218
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	470
रासायनिक अभियांत्रिकी	441
कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	762
गणित	734
भौतिक विज्ञान	647
रासायनिक विज्ञान	827
मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन	1044
मास्टर ऑफ बिज़नस एडमिनिस्ट्रेशन	720
योग	**13528**

C. पीएच.डी. (डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी)

सिविल अभियांत्रिकी	141
विद्युत अभियांत्रिकी	82
यांत्रिक अभियांत्रिकी	165
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार अभियांत्रिकी	59
धातुकर्मीय व पदार्थ अभियांत्रिकी	32
रासायनिक अभियांत्रिकी	60
कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी	30
जैव-प्रौद्योगिकी	17
गणित	124
भौतिक विज्ञान	53
रासायनिक विज्ञान	146
प्रबंध विद्यालय (SOM)	14
मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान	17
शारीरिक शिक्षा	2
योग	**942**

फ़ैकल्टी विवरण

रोल पर कुल फ़ैकल्टी : 324







2020-21 में दाखिल छात्रों की संख्या





अनुसंधान एवं परामर्श

परामर्श के द्वारा प्राप्त राजस्व (SRIC)

मार्च 2020 – अप्रैल 2021



मार्च 2021 – सितंबर 2021



* वित्तीय वर्ष 2021 के लिए बाह्य परियोजनाओं से प्राप्त कुल अनुदान : रु. 8,28,34,602.00

प्लेसमेंट रिपोर्ट 2020-2021
कॅरियर योजना एवं विकास केंद्र
(सेंटर फॉर कॅरियर प्लानिंग एंड डेवलपेंट)
(सीसीपीडी)

क्रम सं.	शाखा	कुल छात्र	कुल छात्र (पात्र*)	नियोजित छात्रों की संख्या	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	सिविल अभियांत्रिकी	99	76	58	15.0	8.0
2.	इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक अभियांत्रिकी	138	108	94	51.0	15.38
3.	यांत्रिक अभियांत्रिकी *(मैकेनिकल इंजीनियरिंग)*	139	114	92	25.8	9.02
4.	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी *इलेक्ट्रॉनिक्स & कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग*	140	115	105	43.0	14.49
5.	धातुकर्मीय एवं पदार्थ अभियांत्रिकी *(मेटलर्जी & मटेरियल्स इंजीनियरिंग)*	63	50	44	15.0	8.63
6.	रासायनिक अभियांत्रिकी *(केमिकल इंजीनियरिंग)*	103	86	74	46.0	9.87
7.	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी *(कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग)*	138	121	118	43.0	20.02
8.	जैव-प्रौद्योगिकी *(बायो टेक्नोलॉजी)*	55	39	33	13.7	8.75

* इसमें वे छात्र शामिल हैं जिनका सीजीपीए ≥ 6.5 है और जिन्होंने सभी परिसर नियोजन अभियान में भाग लिया। यदि किसी कंपनी ने 6.5 से कम सीजीपीए वाले छात्र को नियोजन की पेशकश की है, तो वह दोनों नियुक्ति और पंजीकृत गणनाओं में शामिल है। पात्रता के लिए छात्र का वह सीजीपीए माना गया है जो उसने नियोजन सत्र शुरू होने के दिनांक तक हासिल किया है।

स्नातकोत्तर नियोजन

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	कुल छात्र (पात्र*)	नियोजित छात्रों की संख्या	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	न्यूनतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
1.	एम. टेक. (सिविल)	जल संसाधन अभियांत्रिकी	26	26	2	7.0	5.25	6.12
2.		पर्यावरण अभियांत्रिकी	28	28	2	6.0	3.5	4.75
3.		अभियांत्रिकी संरचनाएं	31	29	12	7.0	3.0	5.75
4.		भू-तकनीकी अभियांत्रिकी	26	24	1	5.25	5.25	5.25
5.		परिवहन अभियांत्रिकी	31	30	5	6.5	5.25	5.81
6.		निर्माण प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन	31	31	8	8.46	5.25	6.8
7.		सुदूर संवेदन एवं जीआईएस	16	15	4	6.5	4.5	5.4
8.	एम. टेक. (ईईई)	पॉवर सिस्टम अभियांत्रिकी	40	33	11	14.28	5.0	8.35
9.		पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ड्राइव्स	39	33	15	11.5	3.6	6.65
10.	एम. टेक. (यांत्रिक) *एम. टेक. (मैके.)*	तापीय अभियांत्रिकी	24	20	7	8.0	3.6	5.07
11.		विनिर्माण अभियांत्रिकी	18	16	2	7.5	5.5	6.5
12.		कंप्यूटर समेकित विनिर्माण	17	15	4	6.5	3.6	4.8
13.		मशीन डिज़ाइन (पूर्व पीडीडी)	18	17	6	9.0	5.0	6.66
14.		ऑटोमोबाइल अभियांत्रिकी	16	14	8	13.51	5.5	7.93
15.		पदार्थ व सिस्टम अभियांत्रिकी डिज़ाइन	13	13	4	8.0	3.6	6.02
16.		योजक विनिर्माण	10	10	2	11.5	8.0	9.75
17.	एम. टेक. (ईसीई)	इलेक्ट्रॉनिक इंस्ट्रूमेंटेशन	24	22	11	31.05	8.5	16.5
18.		वीएलएसआई सिस्टम डिज़ाइन	25	22	18	31.05	8.5	17.27
19.		उन्नत संचार प्रणाली	21	21	9	31.05	6.5	15.33
20.	एम. टेक. (एमएमई)	औद्योगिक धातुकर्म प्रौद्योगिकी	13	12	1	6.0	6.0	6.0
21.		पदार्थ प्रौद्योगिकी	16	15	3	8.0	6.25	6.83

क्रम सं.	पाठ्यक्रम	शाखा	कुल छात्र	कुल छात्र (पात्र*)	नियोजित छात्रों की संख्या	अधिकतम वेतन लाख प्रति वर्ष	न्यूनतम वेतन लाख प्रति वर्ष	औसत वेतन लाख प्रति वर्ष
22.	एम. टेक. (रासा अभि)	रासायनिक अभियांत्रिकी	18	17	5	6.5	4.4	5.24
23.		प्रक्रम नियंत्रण	13	11	1	8.0	8.0	8.0
24.	एम. टेक. (सी&एसई)	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	21	19	17	31.05	9.05	18.69
25.		कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना सुरक्षा	23	20	19	35.0	7.65	18.2
26.	एम.सी.ए.	मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन	45	36	33	22.26	6.0	10.55
27.	एम.बी.ए.	मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन	40	34	7	12.53	3.6	6.6
28.	एम.एससी. (गणित)	अनुप्रयुक्त गणित	23	20	1	10.5	10.5	10.5
29.		गणित एवं वैज्ञानिक कंप्यूटिंग	27	22	7	11.0	5.5	7.59
30.	एम.एससी. (टेक)	अभियांत्रिकी भौतिक विज्ञान	35	29	5	7.5	5.0	5.8
31.	एम.एससी. (केमिस्ट्री)	वैश्लेषिक रसायन विज्ञान (एमएमसीए)	16	14	5	7.0	3.0	4.8
32.		कार्बनिक रसायन विज्ञान (डीडीपीपी)	26	23	3	9.0	7.5	8

सीसीपीडी की गतिविधियां

1. प्रत्येक छात्र को कंपनी का चयन करते समय उनके विकल्पों को समझने में मदद करने के लिए 800 से अधिक कंपनियों का अद्यतित डेटा बेस रखता है।
2. नियोक्ताओं से फीडबेक लेता है और उद्योग के लिए प्रासंगिक पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए उन्हें विभागों के साथ साझा करता है।
3. उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच की दूरी को पाटने के लिए औद्योगिक दौरे, संयंत्रे प्रशिक्षण, इंटर्नशिप के माध्यम से उद्योग-संस्थान संपर्क को विकसित करता और बनाए रखता है।
4. प्रत्येक छात्र को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए परिसर नियोजन गतिविधियों का आयोजन और समन्वय करता है।
5. कॅरियर परामर्श सत्र आयोजित करता है और छात्र को उसकी क्षमता के बारे में जागरूक करता है जिससे वह अपने लक्ष्य की ओर अग्रसित होता है।

हमारे विद्यार्थी लाभप्रद रूप से यहां नियुक्त हैं

केंद्रीय पुस्तकालय

डॉ. ए. वेणु गोपाल
अध्यक्ष, एलएसी

डॉ. के. वीरांजनेयलू
पुस्तपाल *(लाइब्रेरियन)*

श्री जी. बालाकृष्णा
सहायक पुस्तपाल

परिचय:

संस्थान की स्थापना के साथ स्थापित एनआईटी वारंगल का केंद्रीय पुस्तकालय, प्रशासनिक ब्लॉक के निकट स्थित है। पुस्तकालय 4000 वर्ग मीटर के प्लिंथ क्षेत्रफल में स्थित है (भूतल + 2 मंजिल), जिसमें स्टैक रूम (पाठ्यपुस्तकों के लिए), रीडिंग हॉल (संदर्भ अनुभाग), नवीनतम जर्नल्स/आवधिक क्षेत्र (प्रिंट संस्करण), समाचार पत्र अनुभाग, डिजिटल पुस्तकालय, पुस्तक बैंक और एक अलग संदर्भ क्षेत्र टीईक्यूआईपी हॉल) शामिल हैं। केंद्रीय पुस्तकालय संस्थान के छात्रों, फ़ैकल्टी और नॉन-फ़ैकल्टी के लिए आवश्यक पुस्तकें प्रदान कर संस्थान की नियमित शैक्षणिक गतिविधियों (शिक्षण, अध्ययन और अनुसंधान) की सहायता करता है। यह संस्थान के उपयोगकर्ताओं की आवश्यकता के अनुसार जानकारी का प्रसार भी करता है।

सदस्यता:

संस्थान के प्रत्येक छात्र (जिसे संस्थान में प्रवेश मिलता है), फ़ैकल्टी सदस्य और नियमित कर्मचारी (नॉन-फ़ैकल्टी, तकनीकी और प्रशासनिक) केंद्रीय पुस्तकालय के सदस्य हैं। वे अध्ययन के लिए पुस्तकें लेने, डिजिटल पुस्तकालय सुविधाओं के उपयोग के लिए पात्र हैं ।

संग्रह:

केंद्रीय पुस्तकालय में पुरानी और नई पुस्तकों का अच्छा संग्रह है। पुस्तकों का कुल मूल्य 10 करोड़ रु. है।

- पुस्तकें (खंडों/वॉल्यूम्स की संख्या) : 1,85,218
- पुस्तकें (शीर्षकों की संख्या) : 32,288
- ई-पुस्तकों की संख्या : 235
- ई-जर्नल्स की संख्या : 7845
- प्रिंट जर्नल्स की संख्या : 22
- बुक बैंक में पुस्तकों की संख्या : 30,445

सेवाएं:

- पुस्तक परिदाय (लेंडिंग)
- ओपेक / *OPAC* (ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग)
- MyLOFT ऐप के जरिए सुदूर अभिगम सेवा *(रिमोट एक्सेस सर्विस)*
- फोटोकॉपी और प्रिंटिंग सेवा
- दस्तावेज़ वितरण सेवा

प्रोफे. एन.वी. रामना राव, निदेशक, एनआईटी वारंगल ने फ़ैकल्टी एवं छात्रों की सुविधा के लिए 23.10.2020 को केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा आरंभ की गई निम्नलिखित नई सेवाओं का उद्घाटन किया है :

ओपेक / *OPAC* (ऑनलाइन सार्वजनिक अभिगम ग्रंथसूची *(पब्लिक एक्सेसकैटलॉग)*):

केंद्रीय पुस्तकालय ने पुस्तकालय कार्यों को स्वचालित करने के लिए एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर – कोहा *(KOHA)* कार्यान्वित किया है। ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (ओपेक) केवल इंट्रानेट पर उपलब्ध था, जिसके माध्यम से उपयोगकर्ता एनआईटी कैंपस, वारंगल में केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध प्रिंट संसाधनों की ग्रंथसूची ब्राउज़ कर सकते हैं। इस ओपेक में ई-बुक्स के लिए एक मुक्त संसाधन *(ओपन सोर्स)* लिंक भी दिया गया था।

मौजूदा कोविड -19 परिस्थिति के दौरान, छात्र एवं फ़ैकल्टी ओपेक के द्वारा उपलब्ध कराए गए मुक्त ई-संसाधन लिंक का उपयोग नहीं कर सके। अतः, अभिगम की समस्या को दूर करने के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग कर वेब-ओपेक कार्यान्वित किया गया। अब से, फ़ैकल्टी एवं छात्र निम्नलिखित लिंक के द्वारा कहीं से भी और कभी भी ई-पुस्तकों के मुक्त संसाधन लिंक का उपयोग कर सकते हैं।

http://nitwopac.in:7071/

एनआईटी वारंगल - फ़ैकल्टी सूचना प्रणाली : एक केंद्रीय पुस्तकालय पहल :

केंद्रीय पुस्तकालय ने संस्थान के फ़ैकल्टी सदस्यों की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को प्रदर्शित करने और विद्वत्तापूर्ण अनुसंधान नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए भारतीय अनुसंधान सूचना नेटवर्क प्रणाली (आईआरआईएनएस) के अंतर्गत एक नई "फ़ैकल्टी सूचना प्रणाली" कार्यान्वित की है।

एनआईटीडबल्यू - भारतीय अनुसंधान सूचना नेटवर्क प्रणाली (आईआरआईएनएस) मौजूदा अनुसंधान प्रबंधन प्रणाली जैसे मानव संसाधन प्रणाली, पाठ्यक्रम प्रबंधन, अनुदान प्रबंधन प्रणाली, संस्थागत संग्राहक *(रिपॉजिटरी)*, मुक्त और वाणिज्यिक उद्धरण *(साइटेशन)* डेटाबेस, विद्वत प्रकाशक आदि को एकीकृत करेगी। विभिन्न स्रोतों से विद्वत प्रकाशन को अंतर्ग्रहण करने के लिए इस प्रणाली को अकादमिक पहचान जैसे ओआरसीआईडी आईडी, स्कोपस आईडी, अनुसंधान आईडी, माइक्रोसॉफ्ट अकादमिक आईडी, और गूगल विद्वान आईडी से एकीकृत किया जाएगा। यह फ़ैकल्टी सूचना प्रणाली, एनआईआरएफ, एनएसी और अन्य अंतरराष्ट्रीय रेकिंग प्रणालियों के लिए स्रोत बन सकता है। कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित लिंक के माध्यम से फ़ैकल्टी सूचना प्रणाली का उपयोग कर सकता है:

https://nitw.irins.org/



फ़ैकल्टी सूचना प्रणाली, वेब ओपेक और अत्याधुनिक डिजिटल पुस्तकालय का उद्घाटन

अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी :

केंद्रीय पुस्तकालय ने डिजिटल पुस्तकालय के लिए उच्च कॉन्फ़िगरेशन (16 जीबी रैम और 1 टीबी एचडीडी) के साथ 20 नए सर्वस्व कंप्यूटर प्राप्त किए।





ई-जर्नल्स :

एनआईटी वारंगल का केंद्रीय पुस्तकालय ई-शोध सिंधु संघ *(कंसोर्टियम)* का सदस्य है और ई-शोध सिंधु संघ के माध्यम से और संस्थान निधि से ऑनलाइन जर्नल्स का शुल्क देता है। एनआईटी वारंगल द्वारा सदस्यता प्राप्त जर्नल्स का विवरण इस प्रकार है।

एनआईटी, वारंगल ने ई-जर्नल्स डेटाबेस की सदस्यता ली है

क्रम संख्या	डेटाबेस / प्रकाशक का नाम	जर्नल्स की संख्या
1.	एएसटीएम मानक + डिजिटल पुस्तकालय	डेटाबेस
2.	एल्सेवियर - साइंस डायरेक्ट	79
3.	एमराल्ड ई-शोधसिंधु	312
4.	रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री	46
5.	सैज - पदार्थ विज्ञान और अभियांत्रिकी संग्रह	78
6.	एससीआईफाइंडर - स्कॉलर	डेटाबेस
7.	स्प्रिंगर लिंक	1714
8.	टेलर एंड फ्रांसिस	349
9.	अमेरिकन केमिकल सोसायटी	64
10.	आईईईई	558
	योग	**3200**

ईएसएस संघ के माध्यम से इनफ्लिबनेट *(आईएनएफ़एलआईबी नेट)* द्वारा प्रदान किए गए ई-संसाधन

क्रम संख्या	डेटाबेस / प्रकाशक का नाम	जर्नल्स की संख्या
1.	एसीएम डिजिटल पुस्तकालय	1153
2.	एएससीई जर्नल्स ऑनलाइन	36
3.	एएसएमई जर्नल्स ऑनलाइन	29
4.	औद्योगिक विकास में अध्ययन संस्थान (आईएसआईडी)	एब्स्ट्रैक्ट डेटाबेस
5.	जेगेट प्लस (जेसीसीसी)	एब्स्ट्रैक्ट डेटाबेस
6.	जेएसटीओआर	3165
7.	ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस	262
8.	वेब ऑफ़ साइंस	डेटाबेस
	योग	**4645**

फोटोकॉपी और प्रिंटिंग सेवा :

केंद्रीय पुस्तकालय, एनआईटी वारंगल छात्रों, शोधार्थियों और संकायों को कार्यदिवसों के दौरान एनआईटीडब्ल्यू केंद्रीय पुस्तकालय से वैज्ञानिक लेखों और पुस्तकों के सार (एब्स्ट्रैक्ट) के लिए @ 0.50/- (केवल पचास पैसे) प्रति पृष्ठ भुगतान के आधार पर फोटोकॉपी व ऑनलाइन प्रिंटिंग की सुविधा प्रदान करता है।

दस्तावेज़ वितरण सेवा :

दस्तावेज़ वितरण सेवा जिसके माध्यम से कोई भी पुस्तकालय सदस्य हमारे केंद्रीय पुस्तकालय में अनुपलब्ध जर्नल लेखों की फोटोकॉपी प्राप्त करने के लिए पुस्तकालय को अनुरोध भेज सकता है । यह सेवा एनआईटी वारंगल के सभी पुस्तकालय सदस्यों को सिर्फ शैक्षणिक और अनुसंधान उद्देश्यों के लिए निःशुल्क प्रदान की जाती है । इस सेवा का लाभ उठाने के लिए, पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे दस्तावेजों (एक समय में अधिकतम दो लेख) के पूर्ण ग्रंथ सूची विवरण के साथ cenlib@nitw.ac.in पर ईमेल भेजें ।

सर्वोत्तम पद्धतियां :

केंद्रीय पुस्तकालय, एनआईटी वारंगल सर्वोत्तम पद्धतियों का पालन करता है जैसे कि

- ❖ नए शामिल हुए छात्रों, संकायों और कर्मचारियों को सूचना विवरणिका देना।
- ❖ केंद्रीय पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में नए शामिल हुए फ़ैकल्टी और छात्रों के लिए उपयोगकर्ता उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करना।

आउटरीच कार्यक्रम:

संस्थान और अध्ययन अध्यापन *(टीचिंग लर्निंग)* केंद्र की ओर से केंद्रीय पुस्तकालय आउटरीच गतिविधि के रूप में तेलंगाना राज्य और अन्य राज्यों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों के फ़ैकल्टी के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित करता है। साथ ही, संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न फ़ैकल्टी विकास कार्यक्रमों व ज्ञान (जीआईएएन) कार्यक्रमों के आवासीय प्रतिभागियों को केंद्रीय पुस्तकालय इलेक्ट्रॉनिक सामग्री (ई-पत्रिकाओं एवं ई-पुस्तकों) का उपयोग करने की अनुमति देता है।

पुस्तकालय टांड़ कक्ष *(स्टैक रूम्स)* :

- ❖ भूतल पर तीन पुस्तकालय टांड़ कक्ष *(स्टैक रूम्स)* (बैठने की पर्याप्त व्यवस्था के साथ) हैं, जिनमें से दो कमरों में पाठ्यपुस्तकें और दूसरे में पत्रिकाओं के पिछले खंड *(बैक वॉल्यूम)* रखे हुए हैं।
- ❖ डेवी दशमलव वर्गीकरण योजना के अनुसार, पुस्तकें एवं जर्नल्स के पिछले खंड को विषय-निर्देशिकाओं के साथ अलमारियों पर व्यवस्थित रखा गया है।
- ❖ पुस्तकालय मुक्त अभिगम प्रणाली *(ओपन एक्सेस सिस्टम)* का पालन करता है। ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग का उपयोग कर पुस्तकों के सभी शीर्षक LAN के माध्यम से उपलब्ध कराए गए हैं।

संदर्भ अनुभाग :

विभिन्न प्रकाशकों की संदर्भ पुस्तकें जैसे विश्वकोश *(इनसाइक्लोपीडिया)*, शब्दकोश, निर्देशिकाएं, हैंडबुक, ग्रंथ सूची, एटलस और डेटाबेस शामिल हैं, अनुभाग में मौजूद हैं । इन्हें पुस्तकालय परिसर में ही संदर्भित किया जाना है एवं इन्हें बाहर ले जाने के लिए नहीं दिया जाता है।

पाठ्यपुस्तकें :

प्रत्येक निर्धारित पाठ्यपुस्तक (अकादमिक पाठ्यक्रम के अनुसार) और अन्य अनुशंसित पुस्तकों की कई प्रतियां पाठ्यपुस्तक संग्रह में रखी गई हैं। इन्हें केवल पुस्तकालय परिसर में ही संदर्भित किया जाना है।

संदर्भ और पाठ्यपुस्तकों के लिए 100 सदस्यों की बैठने की क्षमता वाला एक अलग पठन *(रीडिंग)* हॉल (टीईक्यूआईपी-I द्वारा वित्त पोषित) उपलब्ध कराया गया है।

प्रिंट जर्नल्स एवं मैगज़ीन अनुभाग :

पुस्तकालय को लगभग 22 प्रिंट जर्नल्स एवं मैगज़ीन प्राप्त होती हैं । सभी मौजूदा आवधिक पत्रिकाओं *(पीरियोडिकल्स)* को 100 की बैठक क्षमता वाले पठन *(रीडिंग)* हॉल में रैक पर रखा गया है।

पुस्तकालय सलाहकार समिति :

पुस्तकालय सलाहकार समिति (एलएसी) का गठन इस प्रकार है - अध्यक्ष के रूप में डीन अकादमिक, सदस्यों के रूप में प्रत्येक विभाग से फ़ैकल्टी और सदस्य सचिव के रूप में पुस्तपाल *(लाइब्रेरियन)* । पुस्तकालय के कामकाज की निगरानी के लिए एलएसी सर्वोच्च निकाय है । एलएसी संस्थान प्रशासन के अनुरूप पुस्तकालय की नीतियों और खरीद के लिए निर्णय लेने वाली संस्था है । नीतियों को निर्धारित करने और पुस्तकालय के सुचारू संचालन के लिए कार्य परिस्थितियों की समीक्षा करने हेतु एलएसी की मीटिंग समय-समय पर होती है।

फ़ैकल्टी विकास कार्यक्रम :

1. केंद्रीय पुस्तकालय, एनआईटी वारंगल द्वारा अध्ययन अध्यापन केंद्र, एनआईटी वारंगल के सहयोग से, 4 से 8 जनवरी 2021 के दौरान "मॉडर्न डिजिटल लाइब्रेरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड रिसर्च (एमडीएलएसटीटीएलआर - 2021)" पर पांच दिवसीय ऑनलाइन फ़ैकल्टी विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। ।

वेबिनार :

1. केंद्रीय पुस्तकालय, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल ने क्लैरिवेट के सहयोग से फ़ैकल्टी, पी.जी. और पीएच.डी. छात्रों के लाभ के लिए "वेब ऑफ साइंस: डिस्कवरी स्टार्ट्स हियर!" पर 16 अक्टूबर 2020 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक वेबिनार आयोजित किया।
2. केंद्रीय पुस्तकालय, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल ने एल्सेवियर के सहयोग से फ़ैकल्टी, शोधार्थियों और पी.जी. छात्रों के लाभ के लिए 22 फरवरी 2021 को अपराह्न 3.00 बजे "एल्सेवियर: इम्प्रूव स्कॉलर विजिबिलिटी एंड इम्पैक्ट ऑफ एनआईटीडब्ल्यू" पर वेबिनार आयोजित किया।

उत्कृष्टता 2020 को मान्यता :

केंद्रीय पुस्तकालय, एनआईटी, वारंगल को भारत में ऑनलाइन शिक्षा को अपनाने और बढ़ती हुई जरूरतों को पूरा करने में योगदान देने के लिए टेलर एंड फ्रांसिस ग्रुप से "रिकॉग्निशन ऑफ एक्सीलेंस 2020" पुरस्कार प्राप्त हुआ।

लाइफटाइम उपलब्धि पुरस्कार:

डॉ. के. वीरांजनेयलू पुस्तपाल *(लाइब्रेरियन)*, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल को भारत के सबसे पुराने व्यावसायिक सोसायटी में से एक एसोसिएशन ऑफ एग्रीकल्चरल लाइब्रेरियन एंड डॉक्युमेंटलिस्ट्स ऑफ इंडिया (एएएलडीआई) द्वारा प्रतिष्ठित "लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया। उन्हें यह पुरस्कार 25 फरवरी 2021 को कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम एवं “मैनेजमेंट ऑफ नॉलेज रिसोर्सेस सेंटर्स : ट्रेंड्स, चेलेंजेस एंड अपार्चुनिटीज़” पर और कृषि पुस्तपालों और उपयोगकर्ता समुदाय के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (ICALUC-2021) के दौरान प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान "कृषि पुस्तपाल कार्य, नेतृत्व गुण, प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता के उच्चतम मानक के साथ सेवा के लिए उनकी तीन दशकों की समर्पित सेवा के के लिए दिया गया। डॉ. एस. अय्यप्पन, कुलाधिपति, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इंफाल और अध्यक्ष, कर्नाटक राज्य विज्ञान अकादमी ने यूएएस के कुलपति डॉ. एस. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रस्तुत आमंत्रित वार्ता और वेबिनार :

डॉ. के. वीरांजनेयलू पुस्तपाल *(लाइब्रेरियन)*, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल ने इस रिपोर्ट की अवधि के दौरान विभिन्न विषयों पर पच्चीस से अधिक आमंत्रित वार्ताएं और वेबिनार प्रस्तुत किए।

डॉ. के. वीरांजनेयलू पुस्तपाल *(लाइब्रेरियन)*, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल ने दो पुस्तकों का संपादन किया; स्कोपस अनुक्रमित, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय जर्नल्स में दो शोध पत्र प्रकाशित किए और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एक पेपर प्रस्तुत किया।

संपादित पुस्तकें :

वीरांजनेयलू के., रथिनासाबपति जी., जाधव यू.एस., कांडपाल के.एन., टंडेल कैलाश डी. (2021) "डायनेमिक्स ऑफ एग्रीकल्चरल लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज", एग्री-बायोवेट प्रेस, नई दिल्ली (आईएसबीएन: 978-93- 84502-96-6)।

रथिनासाबपति जी., **वीरांजनेयलू के.**, श्रीनिवास वी. (2021) "मैनेजमेंट ऑफ नॉलेज रिसोर्सेस सेंटर्स इन द नेटवर्क्ड डिजिटल एनवायरनमेंट: ट्रेंड्स, चेलेंजेस एंड अपार्चुनिटीज़", बी.एस. प्रकाशन, हैदराबाद (आईएसबीएन: 978-93-90211-65) -4)।

मुक्त अभिगम *(ओपन एक्सेस)* संसाधन :

केंद्रीय पुस्तकालय ने प्रत्येक शैक्षणिक विभाग-वार मुक्त अभिगम *(ओपन एक्सेस)* ई-बुक्स और ई-जर्नल संग्रहीत किए एवं छात्रों व फ़ैकल्टी के लाभ के लिए विभागाध्यक्षों को प्रेषित किए। ओपन एक्सेस रिसोर्स लिंक्स को लाइब्रेरी ओपेक (ओपीएसी) पर अपलोड किया गया है। ई-पुस्तकों की कुल संख्या 13,618 और ई-पत्रिकाओं की संख्या 5,357 है।

ई-पुस्तकों की खरीद :

केंद्रीय पुस्तकालय ने विभागाध्यक्षों की अनुशंसा के अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 146 ई-पुस्तक शीर्षक खरीदे। सभी फ़ैकल्टी सदस्यों को ई-बुक एक्सेस लिंक की जानकारी दे दी गई है। इसके अतिरिक्त, सूचित किया गया है कि ई-बुक्स MyLOFT ऐप से कहीं भी और कभी भी एक्सेस की जा सकती हैं।

संस्थागत संग्राहक *(रिपॉजिटरी)* :

केंद्रीय पुस्तकालय एनआईटी वारंगल ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल के विद्वत्तापूर्ण परिणामों को प्रदर्शित करने, व्यवस्थित करने, साझा करने और संरक्षित करने के लिए एनआईटीडब्ल्यू संस्थागत संग्राहक बनाया है। एनआईटीडब्ल्यू द्वारा उत्पन्न ज्ञान संसाधनों तक अभिगम प्रदान कर और विद्वानों की भावी पीढ़ियों के लिए इसे संरक्षित कर विद्वत्तापूर्ण संचार की सुविधा के लिए संग्राहक को डिज़ाइन किया गया है। एनआईटीडब्ल्यू समुदाय के ज्ञान संसाधनों तक अभिगम सुविधा देने और संग्राहक की मेजबानी व रखरखाव पर केंद्रीय पुस्तकालय को गर्व है। संस्थागत संग्राहक इस लिंक के माध्यम से इंट्रानेट पर उपलब्ध है -

http://ir.library.nitw.ac.in:8080/jspui/

NITW - पीएच.डी. थीसिस का वार्षिक शोध डाइजेस्ट 2019-20 :

छात्रों, शोधरथियों और फ़ैकल्टी के लाभ के लिए केंद्रीय पुस्तकालय संस्थान में पूर्ण किए गए डॉक्टरेट अनुसंधान कार्य को जानने और उनके शोध कार्य के लिए अनुसंधान समस्याओं की पहचान करने के लिए "एनआईटीडब्ल्यू के पीएच.डी. शोध का वार्षिक शोध डाइजेस्ट" निकालता है।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वारंगल
तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (TEQIP)
चरण III

एनपीआईयू के बारे में

राष्ट्रीय परियोजना क्रियान्वयन इकाई *(नेशनल प्रोजेक्ट इंप्लिमेंटेशन यूनिट* **(एनपीआईयू)** विश्व बैंक से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के समन्वयन, सुगमता, मॉनीटरन और राज्यों/संस्थानों को इनके सभी पहलुओं में मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अगस्त 1990 में स्थापित भारत सरकार की एक इकाई है । 1991 से 2007 के दौरान, NPIU ने विश्व बैंक से सहायता प्राप्त भारत सरकार की तीन तकनीशियन शिक्षा परियोजनाएं कार्यान्वित की है, जिसने तकनीकी शिक्षा के सुदृढ़न व उन्नयन में मदद की है एवं अंडमान व निकोबार द्वीप व पांडिचेरी सहित 27 राज्यों में 552 पॉलिटेक्निक्स को लाभान्वित किया है । इन तीन परियोजनाएं को परियोजना प्रबंधन व कार्यान्वयन पर "अत्यधिक संतोषजनक" की रेटिंग प्रदान किया गई है, जो विश्व बैंक द्वारा दी जाने वाली उच्चतम रेटिंग है । तीन तकनीकी शिक्षा परियोजनाओं की सफलता ने भारत सरकार को अभियांत्रिकी शिक्षा में समग्र गुणवत्ता सुधार पर विशेष ध्यान देते हुए तकनीकी शिक्षा प्रणाली के सम्पूर्ण सुनियोजित रूपान्तरण के लिए विश्व बैंक से इसी तरह की वित्तीय सहायता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया है ।

प्रोफे. ए. वेणू विनोद
संयोजक, टीईक्यूआईपी-III
प्रोफेसर,रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग

टीईक्यूआईपी III के बारे में

एनआईटी, वारंगल द्वारा टीईक्यूआईपी-I व टीईक्यूआईपी-II चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर एमएचआरडी ने एनपीआईयू के माध्यम से एनआईटी, वारंगल को वर्ष 2017-18 में 7.0 करोड़ रुपये के बजट परिव्यय के साथ टीईक्यूआईपी-III परियोजना स्वीकृत की है । यह परियोजना स्नातकोत्तर शिक्षण की गुणवत्ता में आगे और सुधार करेगी, आर&डी गतिविधियां उत्प्रेरित करेगी, फ़ैकल्टी स्टॉफ विकास को बढ़ावा देगी एवं छात्रों को अकादमिक सहायता प्रदान करेगी । एनआईटी वारंगल में टीईक्यूआईपी-III की परियोजना कार्यान्वयन व मॉनीटरन समिति ने एक खरीद योजना तैयार की है एवं एनपीआईयू से इसका अनुमोदन प्राप्त कर लिया है । योजना अब कार्यान्वित कर दी गई है । अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में ज्ञान का प्रसार करने एवं छात्रों व फ़ैकल्टी-सदस्यों में पेशेवर दक्षता विकसित करने के उद्देश्य से अभियांत्रिकी विषयों की व्यापक श्रेणी में सतत शिक्षा कार्यक्रम, कार्यशालाएं, सेमिनार और कॉन्फ्रेंस की श्रृंखला शुरू की गई हैं । एनआईटी वारंगल ने चाईबासा अभियांत्रिकी महाविद्यालय, चाईबासा, झारखंड राज्य के साथ इसकी क्षमता बढ़ाने व कार्य-निष्पादन में सुधार के लिए यमलन (ट्विनिंग) कर लिया है । मॉनीटरन व परियोजना निर्गत निष्पादन के आधार पर हमारे संस्थान को बहुत अच्छी ग्रेड मिली है ।

1. <u>नवोन्मेष व स्टार्ट-अप्स</u>

i. छात्रों के लिए उद्यमिता व डिजाइन चिंतन कार्यशाला फरवरी 2021 माह में आयोजित की गई, जिसके बाद एक प्रतियोगिता हुई।

ii. फरवरी 2021 में मुक्त स्रोत व उत्पाद विकास कार्यशाला आयोजित की गई, जिसके बाद छात्रों के लिए एक प्रतियोगिता हुई।

iii. फरवरी 2021 में ब्लॉक चेन व एआई कार्यशाला आयोजित की गई, जिसके बाद छात्रों के लिए एक प्रतियोगिता हुई।

iv. छात्रों को अपने विचारों को प्रस्तुत करने और अपने उद्यमशीलता कौशल को विकसित करने, व्यावसायिक व्यवहार्यता जानने और अपने उत्पादों को प्रोटोटाइप करने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए मार्च 2021 में आइडियाथॉन सप्ताह आयोजित किया गया था।

2. <u>अनुसंधान एवं विकास के अंतर्गत छात्रों (यूजी, पीजी, पीएच. डी) को सहायता :</u>

लगभग 07 छात्रों को उनकी अनुसंधान परियोजना के लिए रसायन, स्पेयर्स एवं कंजूमेबल्स खरीद में लाभान्वित किया गया।

3. <u>लाइटबोर्ड सेट अप</u>

कक्षाओं के व्याख्यान के अतुल्यकाली तरीके *(एसिंक्रोनस मोड)* के रूप में चॉक व वार्ता प्रकार के वीडियो व्याख्यान की रिकॉर्डिंग के लिए ग्लास लाइटबोर्ड का उपयोग किया जा सकता है। अतः, इस संबंध में टीईक्यूआईपी ने पहल की है और संस्थान में लाइटबोर्ड और इसके स्टूडियो सेटअप लागू करने हेतु एक परियोजना प्रायोजित की है।

ग्लास लाइटबोर्ड: लाइटबोर्ड अल्ट्रा-क्लियर ग्लास का एक भाग है जो एलईडी स्ट्रिप लाइट के साथ सिरे से प्रकाशित होती है। प्रस्तुतकर्ता लाइटबोर्ड पर नियॉन मार्कर से लिखता है।

कांच के अंदर प्रकाश इधर उधर टकराकर लौटता है जब तक कि प्रकाश नियॉन मार्कर लेखन से नहीं टकराता है और फिर मार्कर के माध्यम से कांच से बाहर निकल जाता है। यह लेखन को वास्तव में काली पृष्ठभूमि के प्रतिकूल बाहर निकाल देता है। लाइटबोर्ड का उपयोग उन अवधारणाओं को सिखाने के लिए किया जा सकता है जिनके लिए सूत्रों, गणनाओं, आरेखों की आवश्यकता होती है और बहुत अधिक वाक्य नहीं होते हैं। लाइटबोर्ड वीडियो न्यूनतम पश्च प्रोडक्शन के साथ बहुत शीघ्रता से बनाए जा सकते हैं। अतः, जब कम समय में बहुत सारे वीडियो बनाने की आवश्यकता होती है तब भी ये सहायक होते हैं। छात्र लाइट बोर्ड वीडियो से सीखना पसंद करेंगे क्योंकि अनुभव काफी हद तक व्हाइटबोर्ड का उपयोग करने वाले प्रशिक्षकों के अध्यापन के समान है। लेकिन यह और भी अच्छा है क्योंकि छात्रों को शिक्षक का चेहरा देखने को मिलता है।

4. <u>ग्लास लाइटबोर्ड के लिए स्टूडियो सेटअप:</u> ग्लास लाइटबोर्ड के उपयोग के लिए आवश्यक स्टूडियो का उपयोग कक्षाओं के व्याख्यान के अतुल्यकाली तरीके *(एसिंक्रोनस मोड)* के रूप में चॉक और टॉक प्रकार के वीडियो व्याख्यान की रिकॉर्डिंग के लिए किया जा सकता है।

5. <u>एनपीआईयू प्रायोजित ईआरपी कार्यान्वयन:</u>

एनपीआईयू/एमएचआरडी ने आईआईटी खड़गपुर के तकनीकी सहयोग से एनआईटी वारंगल के लिए ईआरपी सॉफ्टवेयर - स्माइल (SMILE सॉफ्टवेयर फॉर मैनेजिंग इंस्टीट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एजुकेशन) विकसित किया है। यह परियोजना टीईक्यूआईपी/एनपीआईयू द्वारा प्रायोजित है।

6. <u>ईएमपी के भाग के रूप में स्वच्छता की स्थिति में सुधार:</u> स्वच्छता, पर्यावरण प्रबंधन योजना का एक महत्वपूर्ण पहलू है, परिसर में अच्छी स्वच्छता की स्थिति बनाए रखने के लिए। छात्रा कॉमन रूम में नैपकिन वेंडिंग मशीन और इस्तेमाल किए हुए नैपकिन के प्रबंधन के लिए महिला छात्रावास में भस्मक उपलब्ध कराए गए

7. गतिविधियां :

i). टीईक्यूआईपी-III के अंतर्गत 01.07.2020 से 30.06.2021 के दौरान आयोजित सतत शिक्षा कार्यक्रम (CEPs) / कार्यशालाएं *(वर्कशॉप्स)* / सम्मेलन *(कॉन्फ्रेंसेस)*

विभाग का नाम	सतत शिक्षा कार्यक्रम	अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन *(कॉन्फ्रेंस)*	राष्ट्रीय सम्मेलन *(कॉन्फ्रेंस)*	संगोष्ठी *(सिंपोजियम)*	कार्यशाला *(वर्कशॉप)*	कुल योग
सिविल अभियांत्रिकी विभाग					3	3
विद्युत व इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी विभाग					1	1
यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग					1	1
इलेक्ट्रॉनिक्स व संचार विभाग					2	2
कंप्यूटर विज्ञान व अभियांत्रिकी विभाग					1	1
डीन एसडबल्यू					2	2
टीईक्यूआईपी-III		1				1
कुल योग		**1**			**10**	**11**

ii). टीईक्यूआईपी-III के अंतर्गत 02.12.2020 से 07.12.2020 के दौरान आयोजित प्रवेषण कार्यक्रम

क्रम संख्या	दिनों की संख्या	कार्यक्रम का प्रकार	दिनांक से	दिनांक तक	माह	कार्यक्रम का शीर्षक	संयोजक
1	06	प्रवेशण कार्यक्रम	02.12.2020	07.12.2020	दिसंबर 2020	प्रथम बी. टेक. 2020 बैच के नए सदस्यों के लिए प्रवेशण कार्यक्रम	प्रोफे. जे.वी. रमनामूर्ती

1. **श्री के. रामालिंगम**, निदेशक, एसवीएल इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा "An Outlook and Brief Walk Through Some Incidents Emphasizing the Importance of PSM" पर 07 नवंबर, 2020 को विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया।
2. **डॉ. एम.पी. राजू**, एमडी लासा *(एलएएसए)* नई दिल्ली द्वारा " Planning for Urban and Regional Transport Systems – Insights and Way Forward" पर 28 अक्टूबर 2020 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान।
3. **डॉ. टी.एस रेड्डी**, टीम लीडर लासा*(एलएएसए),* हैदराबाद द्वारा "Road Safety Audit for Improved Safety on Roads" पर 04 नवंबर 2020 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान।
4. **श्री पी.पी.के. मूर्ति**, निदेशक (परियोजनाएं) मेट्रो, मुंबई द्वारा द्वारा "Infrastructure Development Challenges in India – Role of Transportation Engineers and Planners" पर 11 नवंबर 2020 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान।
5. **श्री एम.पी. नायडू**, पूर्व परियोजना निदेशक, एलएंडटी मेट्रो रेल, हैदराबाद द्वारा " Mass Rapid Transport System – A Case Study of Hyderabad Metro" पर द्वारा 18 नवंबर 2020 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान।
6. **श्री आर.के. झा**, वरिष्ठ सलाहकार और परियोजना निदेशक (कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट्स), सिडको, नवी मुंबई द्वारा "Concept to Development of Large Transportation Projects: A Case study of Mumbai Trans Harbour Link" पर 25 नवंबर 2020 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान।

7. **श्री डी.बी. श्रीनिवास**, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट ट्रांसपोर्टेशन प्लानिंग, डीएमआईटीएस, नई दिल्ली द्वारा "Socio-Economic cost of Road accidents in India" पर 02 दिसंबर 2020 को द्वारा विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान।
8. **श्री एम. किशोर कुमार,** निदेशक आरवी एसोसिएट्स, हैदराबाद द्वारा " Prevention of Clams & Disputes in Highway Contracts " पर 09 दिसंबर 2020 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान।
9. **श्री के.वी. गणेश बाबू**, डीएमआईटीएस, नई दिल्ली द्वारा "Planning and Design of Greenfield Cities: Case Studies of GIFT & Amaravat" पर 16 दिसंबर 2021 को विशेषज्ञ अतिथि व्याख्यान

टीईक्यूआईपी-III के अंतर्गत खरीदे गए प्रमुख उपस्कर			
सामग्री *(आयटम)*	**विभाग**	**माह/वर्ष**	**राशी, रुपयों में**
अटीना सॉफ्टवेयर	सिविल अभियांत्रिकी विभाग	फ़र 2021	11,97,000.00
प्रयोगशाला के लिए कपबोर्ड सहित फ्यूमहूड	रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग	मार्च 2021	1,01,000.00
माइक्रोवेव एक्स्ट्रेक्षण प्रणाली	रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग	मार्च 2021	4,72,500.00
कंप्यूटर्स (आल इन वन पीसी)	लाइब्रेरी	मार्च 2021	15,09,960.00
हैवी ड्यूटी कलर प्रिंटर	टीईक्यूआईपी	मार्च 2021	2,26,200.00
COMSOL मल्टीफ़िज़िक्स सॉफ्टवेयर	रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग	मार्च 2021	12,68,190.00
रेक सर्वर	संस्थान एमआईएस	मार्च 2021	8,59,200.00

फ्यूम हूड

माइक्रोवेव एक्स्ट्रेक्षण

रेक सर्वर

नवोन्मेष एवं उद्भवन केंद्र
(सेंटर ऑफ इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन, सीआईआई)

डॉ. पी. श्रीहरी राव
संकाय सलाहकार
नवोन्मेष एवं उद्भवन केंद्र

नवाचार एवं उद्भवन केंद्र (सीआईआई) लगभग 30,000 वर्ग फुट फर्श क्षेत्रफल युक्त एक G+2 भवन है। केंद्र का मिशन है - "इंडस्ट्री के सहयोग से नए प्रक्रमों, उत्पादों, डिजाइन एवं प्रौद्योगिकियों के लिए नवोन्मेषों को प्रोत्साहन देना जिससे समाज को ज्ञान के उपयोग में मदद मिले"। केंद्र के निम्नलिखित उद्देश्य हैं -

- उद्योगों को उनके अनुसंधान प्रयोगशालाओं को इस केंद्र में स्थापित करने एवं परिसर प्रतिभा का उपयोग कर उनकी अनुसंधान परियोजनाएं करने के लिए आमंत्रित करते हुए इंडस्ट्री - अकादमिक सहभागिता को अधिक से अधिक बढ़ावा देना।
- एनआईटी, वारंगल के साथ अनुसंधान व विकास साझेदारी या अन्य किसी कार्य के इच्छुक प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों को उनकी अनुसंधान प्रयोगशालाएं इस केंद्र में स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना।
- संस्थान के मानदंडों के अनुसार उपयुक्त सुविधाएं, मूलभूत व्यवस्थाएं और वित्तीय सहायता प्रदान करके बी.टेक. व एम.टेक. छात्रों की नवोन्मेशी परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना।
- एनआईटी, वारंगल की आर&डी गतिविधियों को इंडस्ट्री की संभावित आवश्यकताओं के अनुकूल बनाने के उद्देश्य से उद्योगों के वैज्ञानिकों और एनआईटी, वारंगल के संकाय व छात्रों के बीच "परिसर में संपर्क" की सुविधा प्रदान करना।

एनआईटी, वारंगल एक प्रमुख तकनीकी संस्थान होने के कारण प्रौद्योगिकी उद्यमिता की प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसके लिए यह सीआईआई के माध्यम से स्टार्टअप सृजन, व्यवसाय उद्भवन, नए व अभिनव विचारों के साथ पूंजी व ज्ञान अभिगम को सुगम उपयोग के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है। इसके अलावा, संस्थान द्वारा उद्यमशीलता दक्षताओं के विकास के लिए उद्यमिता विकास व उपक्रम सृजन के वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से उद्यमिता केंद्रित शिक्षा पर भी बल दिया गया है। इसके अलावा, छात्रों में उनके विचारों को नवोन्मेष व स्टार्टअप प्रतिष्ठान में परिवर्तित करने का विश्वास पैदा करने के लिए सुव्यवस्थित मार्गदर्शन *(मेंटरशिप)* कार्यक्रमों, लघु प्रशिक्षण के रूप में विभिन्न सहायता तंत्र भी प्रदान किए गए थे। सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में आसपास के स्थानीय स्टार्टअप्स के लिए उद्भवन सुविधाएं भी न्यूनतम खर्चों पर उपलब्ध है, जिससे संस्थानों में और देश में उद्यमशीलता संस्कृति को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। सीआईआई पूर्व-निश्चित पर निम्नलिखित को सुविधा प्रदान करता है -

- स्टार्टअप प्रकोष्ठ
- नवोन्मेषी गैरेज़
- इंडस्ट्री आर&डी प्रयोगशालाएं
- EPICS परियोजनाएं व टीईपी
- आईपीआर प्रकोष्ठ
- समझोता ज्ञापन, *MoUs* (राष्ट्रीय)

स्टार्टअप्स

छात्र स्टार्टअप्स वर्तमान आवश्यकताएं हैं व बाजार विस्तार रोजगार सृजन में अपार अवसर प्रदान करते हैं। एनआईटी, वारंगल की स्टार्टअप नीति का लक्ष्य है – भारत सरकार के 'स्टार्टअप इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिए छात्रों और युवा संकाय में उद्यमिता को पोषित व प्रोत्साहित करना। छात्रों को प्रोटोटाइप कार्यक्रमों में विचार सृजन में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है और टीईक्यूआईपी-III के माध्यम से आवश्यक हार्डवेयर की खरीद के लिए अनुदान दिया जाता है।

स्टार्टअप का नाम	संस्थापक / सीईओ
फ्लोहरेक्स टेक्नोलोजिस / Flowhrex Technologies	• श्री अभिजीत कुलकर्णी • श्री अमोल रायकर
ओफ़ेनबेच / Aufenbach	• श्री मोहम्मद अज़मान • श्री जीठू जी. पणिकर
कसमेट / Cusmat	• श्री अभिनव आयन • श्री सौम्या आर. हरिचन्दन
धूर दवाखाना / Dhoor Davakhana	• डॉ. एम. सतीश, ईसीई विभाग
वसुदा जिओ एनेलिटिक्स / VaSuDu GeoAnalytics	• डॉ. के.वेंकट रेड्डी, सिविल विभाग • सुश्री सुनीथा
जीबीआईटी स्टुडियो एलएलपी	• श्री अनिरुद्ध जोशी
स्काइलार्क लेब्स / Skylark Labs	• डॉ. अमरजोत सिंह
सिग्मा स्टोर्स	• श्री वैभव गोयल • सुश्री निकिता सिंह • श्री अनमोल साहू
कलाम बुक्स / Kalam Books	• श्री कल्प शोभना • श्री अनुश्रेष्ठ चौरे
आयुरदीप हेल्थकेयर साल्यूशन	• सुश्री बी. दीप्ति
बगक्लैम / Bugclaim	• आकाश कुमार • अर्पित गोयल • अंकुश मित्तल
हेकट्रिक / Hacktric	• सुश्री मनही पंवार • सुश्री आशिका रेहमान
इपिक बाइक्स / Epick Bikes	• श्री साई आरध्य वेमुला • श्री एल.एन.वी. रवि तेजा • श्री भरत गौड़ • श्री राहुल रेड्डी एडला • श्री वामसी कृष्णा रेड्डी सबेल्ला • श्री आनंद बी.टुमूलरी

सिटी 360	• श्री देवदत्त चावडा
आर्चफीलिक / Archphilic	• श्री शुभम सक्सेना
बकेट.क्लाउड / Bukket.cloud	• श्री हिमांशु
ओपेक्यूर / Opaqure	• श्री ग्यानेश्वर संपतीराव
मुक्त नवोन्मेष *(ओपन इनोवेशन)* प्लेटफॉर्म	• श्री अविनाश पुलुगुर्था
डिज़ाइन एंड मार्केटिंग कलेक्टिव	• श्री अविनाश पुलुगुर्था
आइडिएट / Ideate	• श्री ऋतिक मरुड़प्पा • श्री लक्ष्य जालन
वाईओडबल्यूएल	• श्री सुश्यनाथ श्रीधर
एआई मनोमितीय परीक्षण *(साइकोमेट्रीक टेस्ट)*	• सुश्री एम. कीर्ति • श्री तुषार राठोड़ • श्री प्रतीक कौल

नवोन्मेष गैरेज़

